प्रादेशिक समाचार

12.09.2024 (संध्या 1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. झारखंड हाईकोर्ट में बांग्लादेशी घुसपैठ मामले पर हुई सुनवाई, केंद्र सरकार ने शपथ पत्र के माध्यम से दाखिल किया जवाब।

2. प्रतिपक्ष के नेता अमर कुमार बाउरी ने घुसपैठ के मामले पर राज्य सरकार को फिर घेरा, अधिकारियों से लीपापोती कराने का लगाया आरोप।

3. राज्य में नगर निकाय चुनाव कराने का रास्ता साफ, झारखंड उच्च न्यायालय ने एकल पीठ के आदेश को रखा बरकरार, राज्य सरकार की अपील याचिका को किया खारिज।

4. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पैरालंपिक में भाग लेनेवाले खिलाड़ियों से की मुलाकात, शानदार प्रदर्शन के लिए उनको दी बधाई।

****************

झारखंड उच्च न्यायालय में आज अवैध बांग्लादेशी घुसपैठ और धर्मांतरण से जुड़े मामले में दायर जनहित याचिका पर कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की खंडपीठ में सुनवाई हुई। इस दौरान केंद्र सरकार की ओर से शपथ पत्र के माध्यम से जवाब दाखिल किया गया। हालांकि तकनीकि कारणों से सुनवाई पूरी नहीं हो सकी। इस मामले की विस्तृत सुनवाई 17 सितंबर को होगी।

****************

भारतीय जनता पार्टी ने संथाल परगना में बांग्लादेशी घुसपैठ और डेमोग्राफी में बदलाव के मुद्दे पर सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार को सीधे तौर पर दोषी ठहराया है। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने रांची स्थित पार्टी मुख्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए आरोप लगाया कि राज्य सरकार घुसपैठियों का रहनुमा बनकर आगे आ रही है और अपने अधिकारियों से मामले की लीपापोती करा रही है। उन्होंने कहा कि संथाल परगना में घुसपैठियों को बसाने के लिए एसपीटी एक्ट का खुल्लम–खुल्ला उल्लंघन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि झारखंड में बदलते डेमोग्राफी से आदिवासी अस्मिता और रोटी बेटी और माटी की पहचान खतरे में आ जाएगी।

****************

राज्य में अब नगर निकाय चुनाव कराने का रास्ता साफ हो गया है। नगर निकाय चुनाव को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए झारखंड उच्च न्यायालय के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद की अध्यक्षता वाली खंडपीठ में आज सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान खंडपीठ ने राज्य सरकार की अपील याचिका को खारिज करते हुए एकल पीठ के आदेश को बरकरार रखा है। उच्च न्यायालय के आदेश से अब राज्य में नगर निकाय चुनाव करने का रास्ता साफ हो गया है।

****************

नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा है कि विधानसभा चुनाव के बाद राज्य में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने पर तीन महीने के अंदर उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया में मृतक अभ्यर्थियों के परिजनों को सरकार नौकरी और पचास लाख रूपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी। श्री बाउरी ने आज रांची जिले के चान्हों प्रखंड के टांगर गांव में उत्पाद सिपाही बहाली प्रक्रिया में मृत अभ्यर्थी आरती केरकेट्टा के परिजनों से मुलाकात की और उन्हें पार्टी की ओर से एक लाख रूपये की सहायता राशि प्रदान की। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री बाउरी ने कहा कि राज्य सरकार की गलत नीतियों के कारण उत्पाद सिपाही बहाली में अभ्यर्थियों की मौत हुई है।

***************

कृषि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने कहा है कि सरकार किसानों और पशुपालकों के सशक्तीकरण और उनके आर्थिक उन्नयन को लेकर महत्वपूर्ण योजनाओं का संचालन कर रही है। श्रीमती सिंह ने दुमका में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि सरकार इन योजनाओं से महिलाओं को भी जोड़ रही है और उन्हें प्रोत्साहित कर उनके आर्थिक स्वावलंबन की दिशा में काम कर रही है। उन्होंने कहा कि कृषकों को पशुपालन, मत्स्य पालन और सहकारिता से जोड़ने की योजना है। इस दिशा में अभियान चला कर काम किया जा रहा है।

***************

झारखंड मुक्ति मोर्चा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सरना धर्म कोर्ड लागू करने की मांग की है। पार्टी के केन्द्रीय महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने रांची में पत्रकारों से बातचीत में कहा कि 15 सितम्बर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जमशेदपुर दौरे को राज्य की जनता उत्सुकता से इंतजार कर रही है।

***************

राष्ट्रीय पोषण माह के तहत गिरिडीह जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में बच्चों और महिलाओं को खान–पान की विशेष जानकारी दी जा रही है।

***************

कोयला मंत्रालय ने 71 कैप्टिव और वाणिज्यिक खदानों के संचालन की प्रक्रिया की समीक्षा की है। मंत्रालय ने कहा है कि ये कोयला ब्लॉक अरूणाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, मध्यप्रदेश और ओड़िसा सहित नौ राज्यों में हैं तथा नियमन मंजूरी के विभिन्न चरणों में हैं। मंत्रालय में अतिरिक्त सचिव रूपिन्दर बरार ने आवंटियों को कोयला ब्लॉक को जल्द संचालित करने के निर्देश दिये हैं।

***************

आयुष मंत्रालय ने विशेष अभियान के तीसरे चरण में एक हजार तीन सौ से अधिक जन शिकायतों का समाधान किया है। मंत्रालय ने कहा है कि इस अभियान का उद्देश्य कार्यस्थल में स्वच्छता में सुधार लाना और बनाए रखना है। इस दौरान विभिन्न लंबित मुद्दों का भी निपटारा किया गया। इनमें सांसदों के साथ–साथ 187 सार्वजनिक शिकायत अपील शामिल हैं।

***************

लोहरदगा जिले के कुडू थाना क्षेत्र के जिंगी पंचायत के मकरा गांव के एक कुआं से पुलिस ने आज एक महिला समेत तीन बच्चों का शव बरामद किया है। पुलिस ने चारों शवों को पोस्टमार्टम के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल भेज दिया है। मृत महिला और बच्चों की पहचान कर ली गयी है। महिला अपने तीनों बच्चों के साथ मायके जाने के नाम पर मंगलवार को घर से निकली थी और तब से सभी लापता थे।

***************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली में पेरिस पैरालिंपिक में हिस्सा लेने वाले भारतीय दल से मिलकर संवाद किया। इस दौरान श्री मोदी ने प्रतिष्ठित खेल आयोजन में उनके प्रदर्शन के लिए पदक विजेताओं और प्रतिभागियों को बधाई दी। गौरतलब है कि भारत ने पैरालिंपिक में सात स्वर्ण, नौ रजत और तेरह कांस्य पदक सहित कुल 29 पदक जीतकर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। इस मौके पर केन्द्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया और भारतीय पैरालंपिक समिति के अध्यक्ष देवेंद्र झाझरिया भी मौजूद थे।

***************

मौसम विज्ञान केंद्र रांची के वैज्ञानिकों ने आज राज्य के कुछ इलाकों में आंधी और वज्रपात के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार कल राज्य के उत्तर पूर्वी हिस्सों में भारी बारिश हो सकती है। वहीं 14 सितंबर को राज्य के उत्तर–मध्य भागों में भारी से बहुत भारी बारिश के आसार हैं। इसके लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। 15 सितंबर को उत्तर–मध्य और उससे सटे मध्य हिस्सों में भी भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है।

********समाप्त********